दैनिक जागरण आगरा/मथुरा, 21 जुलाई, 2022

श्री रामचंद्र कृपालु भजमन कौशल्या हितकारी...

गोवर्धन रोड स्थित ज्ञानदीप शिक्षा भारती के सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करते पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया ● सौ. स्कूल प्रबंधन

संस, मथुरा : गोवर्धन रोड स्थित ज्ञानदीप शिक्षा भारती सभागार में केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी दिल्ली की अनुदान योजना के अंतर्गत सांस्कृतिक संस्था लोक कला मंडल के कलाकारों ने दीपक शर्मा के निर्देशन में तुलसीदास नाटिका का मंचन किया। कार्यक्रम में छह वर्षीय प्रतिभाशाली बाल कलाकार अथर्वकृष्ण, खुशबू, डौली, इच्छा, दीक्षा, आदित्य, शिवा, रोशनी, सोनम तथा प्राची ने अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित किया।

शुभारंभ पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया, प्राचार्या रजनी नौटियाल, प्रशासनिक अधिकारी आशीष भाटिया तथा ब्रज लोक कला मंडल की सचिव मीरा चंदेल ने किया। गोस्वामी तुलसीदास की भूमिका में कलाकार साजन चतुर्वेदी द्वारा श्री रामचंद्र कृपालु भजमन कौशल्या हितकारी के गायन की प्रस्तुति दी गई। नृत्य निर्देशन कुमारी जागृति ने किया। अंत में ज्ञानदीप की ओर से ब्रज लोक कला मंडल की अध्यक्षा मीरा चंदेल को स्मृति चिन्ह भेंट किया। समापन पर ज्ञानदीप शिक्षा भारती के संस्थापक सचिव पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने जिस रामचरित मानस की रचना की है वह मात्र काव्य ग्रंथ न होकर संस्कार ग्रंथ है, जो पिता की आज्ञा पालन भाइयों में परस्पर प्रेम पत्नी धर्म के निर्वाह आदि की प्रेरणा प्रदान कर आदर्श समाज का निर्माण करने में सक्षम है।